भूतनाथ भयहरन भीम, भयभवन भूमिधरं। भानुमंत भगवंत, भूतिभूषन भुजंगवर।।
भव्य भावबल्लभ भवेस भव भार विभंजन। भूरिभोग भैरव कुजोगगंजन जनरंजन ॥
|| Ram Katha 926 – मानस भूतनाथ || Bhootnath Mandir, Mahuva, Gujarat || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 115 | इंदौर, बुधवार 01 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. ह्यूस्टन: अपने छह साल के बेटे को समझती थी राक्षस, डायपर न बदलना पड़े इसलिए नहीं देती थी खाना; हत्या कर देश छोड़ा
2. US Survey: भारतीय मूल की निक्की हेली को उनके गृह राज्य में ही नहीं मिल रहा समर्थन, ट्रंप बन रहे लोगों की पसंद
3. Bihar Police : पटना सिटी में वर्चस्व की जंग, 10 राउंड फायरिंग; एक की मौत, दोनों गुट के घायल अलग अस्पतालों में
4. Maharashtra: मराठा आरक्षण को लेकर सर्वदलीय बैठक के लिए उद्धव शिवसेना को नहीं मिला आमंत्रण, राउत का फूटा गुस्सा
5. उत्तर प्रदेश : प्यार, तंगी और मर्डर: क्राइम सीरियल देख कुशाग्र की टीचर और उसके प्रेमी ने रची साजिश... मारने से पहले भी तड़पाया
6. NZ vs SA: न्यूजीलैंड-दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों के बीच कांटे की टक्कर, कीवियों की हार चाहेगा पाकिस्तान

# चुनाव में अब बड़े नेताओं की एंट्री

## 4 नवंबर को मोदी और खड़गे की सभाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में बीजेपी, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और आम आदमी पार्टी (आप) सहित तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं के ताबड़तोड़ दौरे होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 4 नवंबर को एमपी आ रहे हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 8 और 9 नवंबर को आएंगी। बसपा प्रमुख मायावती 5 दिन में 9 बड़ी सभाओं को संबोधित करेंगी।



पीएम मोदी की 4 नवंबर को रतलाम और सिवनी में सभा प्रस्तावित है। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से इन दोनों सभाओं की अधिकृत मंजूरी आना बाकी है। मल्लिकार्जुन खड़गे बालाघाट के कटंगी और डिंडोरी के शहपुरा विधानसभा क्षेत्र में जनसभाएं करेंगे। 8 नवंबर को प्रियंका गांधी इंदौर के सांवेर और खातेगांव में जनसभाओं को संबोधित करेंगी। इसके अगले दिन 9 नवंबर को उनकी रीवा में जनसभा प्रस्तावित है।

बीती 27 अक्टूबर को दमोह में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने चुनावी सभा की थी। उन्होंने कहा था, 'मध्यप्रदेश बड़े बदलाव के लिए तैयार है। भ्रष्ट भाजपा सरकार जा रही है। भारी बहुमत से कांग्रेस आ रही है।'

बीती 27 अक्टूबर को दमोह में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने चुनावी सभा की थी। उन्होंने कहा था, 'मध्यप्रदेश बड़े बदलाव के लिए तैयार है। भ्रष्ट भाजपा सरकार जा रही है। भारी बहुमत से कांग्रेस आ रही है।



# करवा चौथ : व्रत 13 घंटे 42 मिनट रहेगा

## पूजन मुहूर्त एक घंटा 18 मिनट, रात 8.15 बजे होंगे चंद्र दर्शन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिन महिलाएं करवा चौथ का व्रत 1 नवंबर को कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखेंगी। इस दिन निर्जला व्रत रखकर महिलाएं पति की लंबी उम्र के चांद को अर्घ्य देंगी। साथ ही शुभ मुहूर्त में भगवान शिव, माता पार्वती, कार्तिकेय और भगवान गणेश का पूजन किया जाएगा। ज्योतिर्विदों के मुताबिक, इस बार कार्य में सफलता देना वाला सर्वार्थसिद्धि योग चतुर्थी के दिन ओर भी खास बना रहा है। इस बार व्रत जहां 13 घंटे 42 मिनट रहेगा वहीं पूजन के लिए एक घंटे 18 मिनट का मुहूर्त पंचांगों दिया गया। इस दिन चंद्र दर्शन रात 8.15 बजे होंगे।**

ज्योतिर्विद् शिवप्रसाद तिवारी के अनुसार, चतुर्थी तिथि 31 अक्टूबर मंगलवार को रात रात 9.30 से 1 नवंबर बुधवार को रात 9.19 बजे तक रहेगा। चतुर्थी के दिन उदया तिथि और चंद्रोदय का समय मिलने से व्रत-पूजन 1 नवंबर को किया जाएगा। करवा चौथ का व्रत बुधवार को सुबह 6.33 से रात 8.15 बजे तक है। पूजा का मुहूर्त शाम 5.36 से रात 6.54 बजे तक रहेगा। इसमें विवाहित महिलाएं पति की दीर्घ आयु के लिए व्रत रखकर इसकी रस्में को निष्ठा से निभाती है। चंद्रोदय के समय चंद्रमा के दर्शन और अर्घ्य देकर व्रत पूरा किया जाता है। इस कठोर व्रत में अन्न और जल ग्रहण किए बिना व्रत सूर्योदय से रात को चंद्रमा दर्शन तक किया जाता है।




### 1101 महिलाएं करेगी करवा पूजन

वैष्णवधाम जागृति महिला मंडल द्वारा करवा चौथ महोत्सव वैष्णवधाम बिचौली मर्दाना में 1 नवंबर को आयोजित किया गया है। दीप्ति शर्मा और और साक्षी दुआ ने बताया कि इसमें दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक करवा पूजन होगा। इस अवसर पर शिव-पार्वती पर आधारित नृत्य नाटिका भी होगी। अवसर पर मंदिर में मां दुर्गा, मां काली और मां सरस्वती एवं शिव परिवार का फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। इससे पहले मेंहदी और संगीत का कार्यक्रम होगा।

### फूलमाली सैनी समाज छावनी का करवा चौथ उद्यापन

फूलमाली सैनी समाज छावनी के तत्वावधान में समाज की महिलाओं के लिए करवा चौथ उद्यापन 1 नवंबर को नसिया रोड छावनी स्थित मोदी परिसर में शाम 7 बजे होगा। समाज के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी और मंत्री मनोहर सैनी ने बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने करवा चौथ उद्यापन का यह आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसमें शामिल महिलाओं को भोजन के 15 पास एवं महिलाओं के लिए 13 उपहार भी दिए जाएंगे। आयोजन की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में कार्यकारिणी के ओमप्रकाश सैनी, लोकेश सैनी, महेश सैनी, प्रकाश सैनी, पुनीत सैनी, राधेश्याम सैनी, संजय सांखला आदि मौजूद थे।

# गर्मी के अहसास के साथ बीता अक्टूबर

## ◆दिन और रात में सिर्फ एक बार सामान्य से 1 डिग्री कम रहा तापमान, आखिरी के 20 दिनों की रातें भी गर्म

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। हर साल अक्टूबर से शुरू होने वाली ठण्ड के तेवर पूरे माह फीके ही रहे। बीते एक दशक में यह पहला मौका है जब अक्टूबर का पूरा माह लगभग गर्मी के अहसास के साथ बीता। खास बात यह कि माह के आखिरी दिनों में भी रात को ठिठुरन गायब ही रही। इस माह के आखिरी 20 दिनों में रात का तापमान सामान्य से ज्यादा ही रहा। दिन की भी स्थिति यह रही कि पूरे माह में तापमान सिर्फ एक दिन सामान्य से कम रहा।**



दरअसल अभी हवा का रुख साउथ-ईस्ट है। जिससे माह के आखिरी दिनों में भी ठण्ड नहीं पड़ रही है, जबकि इस माह के अंतिम दिनों में ठण्ड कंपकपाती है। आज माह का अंतिम दिन है। इसके पूर्व पूरे 30 दिनों में से 29 दिन दिन का तापमान सामान्य या इससे ज्यादा रहा। 24 अक्टूबर को तापमान 31.6 रहा जो सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम था जबकि 13 दिनों में 1 से 2 डिग्री ज्यादा रहा। बाकी 16 दिन सामान्य तापमान रहा।

दूसरी ओर रात का तापमान माह के पहले दिन सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। इसके बाद पूरे माह में पांच दिन रात का तापमान सामान्य रहा जबकि बाकी 24 दिनों तक 1 से 6 डिग्री तक ज्यादा रहा। 27 अक्टूबर को सिर्फ एक बार तापमान 17 डिग्री से कम 16.6 डिग्री रहा। यह भी सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा था। वैसे अक्टूबर माह का मिजाज यह है कि आखिरी दिनों में तापमान 28 डिग्री रहता है जबकि रात तापमान 14 से 16 डिग्री तक रहता है।

एग्रीकल्चर कॉलेज के सीनियर साइंटिस्ट डॉ. एचएल खापडिया ने बताया कि पिछले साल इंदौर में अक्टूबर माह के आखिरी दिन रात का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। ऐसे ही दिन में 9 अक्टूबर को तापमान 27 डिग्री था जो माह में सबसे कम था। अभी दिन और रात के तापमान में करीब 14-15 डिग्री का उतार-चढ़ाव चल रहा है। यह अल नीनो के प्रभाव के कारण हो रहा है। यह स्थिति समुद्र के पानी के गर्म होने तथा सतही पानी गर्म रहने के कारण होता है। इस कारण गर्मी का असर है। नवम्बर के आखिरी दिनों में ठण्ड का खासा असर रहेगा।

# एकता का संकल्प लेकर लौह पुरुष को किया नमन

### पटेल के प्रेरणादायी व्यक्तित्व पर दी नाट्य प्रस्तुति

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** मंगलवार को इंदौर के स्कूलों में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस दौरान कई स्कूल में विभिन्न आयोजन हुए। इसी कड़ी में इंदौर के द विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पेटल की जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। यहां पर पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। द विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने विशेष प्रार्थना सभा के आयोजन में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का स्मरण किया और विविध प्रस्तुतियों के द्वारा उन्हें नमन किया द्य इस अवसर पर प्रमुख रूप से उनके ओजस्वी व्यक्तित्व को समर्पित भाषण देशभक्ति एवं संगठन की क्षमता को प्रदर्शित करती कविता एवं विलक्षण व प्रेरणादायी चरित्र को दर्शाते नाटक की प्रस्तुति दी गई द्य विद्यार्थियों के द्वारा देश की अखंडता एवं सांस्कृतिक एकता की शपथ ली गई। इसके साथ ही उनके नेतृत्व और देशभक्ति के गुणों को अपनाने का संकल्प लिया गया द्य इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक देशभक्ति के नारों का जयघोष भी किया द्य स्कूल की प्रिंसिपल गीता तनेजा ने अपने वक्तव्य में सभी विद्यार्थियों से सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व के गुणों को आत्मसात करने का आह्वान किया।




# गुजराती समाज ने मनाई सरदार पटेल की जयंती

### माल्यार्पण कर, समाजजन ने कहा- आज देश के विकास के लिए सरदार जैसा नेता होना चाहिए

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। गुजराती समाज द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती मंगलवार को मनाई गई। नसिया रोड प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर समाजजन रैली के रूप में प्रतिमा स्थल पहुंचे। इसमें गुजराती समाज इंदौर के मैनेजिंग डायरेक्टर, सदस्य , शिक्षक-शिक्षिका, कर्मचारीगण, सैकड़ों की संख्या में रैली के रूप में समाज कार्यालय नसिया रोड़ से सरदार पटेल प्रतिमा तक पहुंचे। वहां पर समाज के अध्यक्ष प्रदीप भाई शाह, मानद महामंत्री पंकज भाई संघवी के साथ मैनेजिंग मेंबर, प्राचार्य आदि ने माल्यार्पण किया।**

इस मौके पर अध्यक्ष प्रदीप भाई शाह ने कहा कि आज इस देश के विकास को सरदार पटेल जैसे नेता की आवश्यकता है। जो देश के लिए स्तंभ का काम करें। गुजराती समाज की नींव, समाज की धरोहर थे वल्लभ भाई पटेल। इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया। मानद महामंत्री पंकज भाई संघवी ने सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि आजादी के बाद सरदार ने इस देश के सभी राज्यों को एकजुट करके मजबूत भारत की नींव रखी थी। सरदार की इच्छा शक्ति बहुत ही मजबूत थी। आज देशभर में पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है।

माल्यार्पण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज के दीपक मोदी, गोविंद भाई पटेल, मनोज भाई पारिख, नरेंद्र भाई पटेल, अतुल सेठ, दीपक भाई सोनी, भरत भाई बाविसी, राजेश व्यास, राजेंद्र पटेल, पंकज ठक्कर, पुनीत चावड़ा, जिग्नेश शाह, नवनीत पटेल, बी सी पटेल, भगवान भाई पटेल, राजेश धर्मसी, वीरु पटेल, दीपक जेठवा, निलेश पटेल, जयेश पारिख, कांतिलाल भगत, धर्मेंद्र चौहान, प्राचार्य सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।


चुनावी चर्चा

DGR@एल एन उग्र

# संजय शुक्ला कमजोर प्रत्याशी नहीं है...?

इंदौर इस समय चुनावी समर में... पूर्ण रूप से शबाब पर है... चुनावी चकलस... इंदौर में पूरे प्रदेश से... हटकर चर्चा हो रही है...कारण है... इंदौर एक से भाजपा ने... वजनदार... असरदार... बड़ा नाम... कैलाश जी को प्रत्याशी बनाया है... कैलाश जी को प्रत्याशी बनाना... काफी महत्वपूर्ण लगता है... इसी से यह चुनाव वजनदार हो गया है...।

भाजपा इस सीट को भारी... और कठिन मानकर चल रही थी... इसीलिए वजनदार नेता को ऊपर से... एक नंबर में लगाया गया है... लाया गया है... समीकरण तीखे हैं... और दोनों ही उम्मीदवार वजनदार हैं...संजय शुक्ला कांग्रेस से उम्मीदवार हैं जरूर... लेकिन पृष्ठभूमि बड़े भैया के पुत्र होने से...भाजपा की भी रही है... लेकिन संजय शुक्ला कांग्रेस में है...और वर्तमान विधायक हैं... उनके द्वारा कोरोनाकाल में... अपने क्षेत्र में काफी सराहनीय सेवा की है...तथा लगातार संपर्क में रहे हैं... फिर ट्यूबवेल का कार्य हो... गरीबों को आर्थिक मदद हो... धार्मिक यात्राएं हो... या शिव पुराण और अन्य कथाओं के माध्यम से... लगातार जनता के बीच बने रहे... वैसे भी संजय शुक्ला के बारे में...यह आम धारणा है कि... वह सहज उपलब्ध हैं...उनसे चर्चा के मध्य...यह भी महसूस हुआ कि... वह कहते हैं कि... मैंने एक परिवार के सदस्य के रूप में... सेवा भाव रखा... और पूरे विधानसभा क्षेत्र में... जीवंत संपर्क रखा...यही आधार मेरी जीत का भी आधार बनेगा... उनका आत्मविश्वास देखकर... यही लगता है कि... वह अत्यंत आशावादी और जीत के प्रति आशवस्त हैं... अपनी जीत के प्रति...भी वो निश्चिंत हैं...उनके चुनाव प्रचार में हमने यह भी महसूस किया कि... वह जिस प्रकार से संपर्क कर रहे हैं... वह पूरी योजनाबद्ध... और सोच विचार कर... एक-एक दिन अपना लक्ष्य तय कर...कार्य में लगे हैं... और उनकी जो टीम है... वह भी समर्पण भाव से कार्य कर रही है...इस उम्मीद में ही है ही की... संजय शुक्ला जीतेंगे ही सही...और कांग्रेस सरकार यदि बनी तो... वह मंत्री भी बन सकते हैं...हालांकि कांग्रेस सरकार बनेगी या नहीं... यह तय नहीं है फिर भी...संजय शुक्ला को कैलाश जी के सामने... बहुत कमजोर उम्मीदवार माना जा रहा है... परंतु हमने जिस तरह से...संपर्क के दौरान महसूस किया... वह यह है कि... संजय शुक्ला इतने कमजोर उम्मीदवार भी नहीं है... जितना उन्हें समझा जा रहा है...और वह कहते भी हैं कि... वह क्षेत्र क्रमांक एक के लिए खाली एक नेता या विधायक नहीं है... वह उसे क्षेत्र के बेटे बन कर रहे हैं... और रहेंगे भी... अब देखना तो परिणाम पर है की... संजय कितने सफल होते हैं... होते भी हैं या नहीं... और होते हैं तो कितना...लेकिन वे जिस आत्मविश्वास से... लवरेज नजर आए... इस आधार पर यह धारणा बन रही है कि... वह उतने कमजोर उम्मीदवार नहीं है... जितना उन्हें बताया जा रहा है... अगर वह कमजोर उम्मीदवार होते तो... उनके सामने भाजपा को... कैलाश जी जैसे बड़े नाम को...मैदान में उतरने की आवश्यकता नहीं होती...अर्थात यह अपने आप में सही है कि... संजय शुक्ला एक कमजोर उम्मीदवार नहीं है...



# सपा प्रत्याशी का नामांकन खारिज

◆ निर्दलीय प्रत्याशी अंजलि संजय शुक्ला का नामांकन भी निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मंगलवार को विधानसभा चुनावों के लिए जमा कराए गए नामांकन फॉर्म की जांच के दौरान पीठासीन अधिकारी ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रजनीश जैन का नामांकन खारिज कर दिया। इसके बाद जैन और उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा मचाया। जैन का कहना है कि फॉर्म जमा करने के समय सिर्फ एक प्रस्तावक के साइन के लिए कहा गया था। आज कहा जा रहा है कि 10 प्रस्तावक के साइन चाहिए थे, इसलिए नामांकन रिजेक्ट किया गया है।**

इधर, विधानसभा-1 की निर्दलीय प्रत्याशी अंजली पति संजय शुक्ला का भी फॉर्म निरस्त कर दिया गया है। बी फॉर्म नहीं लगाने के चलते निरस्त किया गया अंजलि का फॉर्म। विधानसभा-4 के कांग्रेसी प्रत्याशी राजा मंधवानी के खिलाफ लगाई गई आपत्ति खारिज कर दी गई है। मंधवानी का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है।



### विजयवर्गीय के खिलाफ कांग्रेस ने दर्ज कराई आपत्ति

इंदौर-1 से भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय के नामांकन पर कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला के प्रस्तावक दीपू यादव, वकील रविंद्र सिंह छाबड़ा और सौरभ मिश्रा ने आपत्ति दर्ज करवाई हैं। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) अदालत ने विजयवर्गीय को 'फरार' घोषित किया था और उनके खिलाफ 2019 में स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। गौरतलब है कि विजयवर्गीय ने सोमवार को नामांकन के साथ जो हलफनामा दाखिल किया, उसमें छत्तीसगढ़ में किसी भी लंबित मामले का जिक्र नहीं है। विजयवर्गीय ने पश्चिम बंगाल में पांच लंबित मामलों का जिक्र जरुर किया है।

### इस बार 136 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए

बता दें कि विधानसभा चुनाव में सोमवार को नामांकन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख के बाद अब प्रत्याशियों को लेकर स्थिति स्पष्ट हुई है। इस बार 136 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए हैं। मंगलवार को इन नामांकन पत्रों की जांच शुरू हो गई है। इसमें कितने नामांकन खारिज हुए हैं इसका पता चलेगा। ऐसे ही प्रत्याशियों को अपना नामांकन वापस लेने के लिए 2 नवम्बर तक का समय है। इसके बाद 3 नवम्बर को पता चल सकेगा कि इस बार कितने प्रत्याशी मैदान में हैं।

### कहां से कितने

इस बार इंदौर-1 से 16, इंदौर-2 से 11, इंदौर-3 से 15, इंदौर-4 से 14, इंदौर-5 से 20, राऊ से 15, महू से 17, देपालपुर से 17 और सांवेर से 11 नामांकन पत्र जमा किए गए हैं। ये प्रत्याशी भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी, जनता कांग्रेस, रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया, आम अधिकार पार्टी, हिन्दू महासभा. आजाद समाज पार्टी, आम भारतीय पार्टी व अन्य पार्टियों से हैं।

## गरबे के साथ वोट करने की अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्री अग्रसेन क्लब के प्रमुख मार्गदर्शक प्रेमचंद गोयल, संस्थापक राधादेवी मित्तल, पुष्पा एरन, कमल किशोर गर्ग, उषा राजेश बंसल,निखिल शीतल अग्रवाल, राजेश बंसल पंप, राजेंद्र राज किरण गोयल, सुरेश कृष्ण अग्रवाल के मार्गदर्शन में श्री अग्रसेन क्लब द्वारा शरद पूर्णिमा उत्सव का कार्यक्रम रिश्ता गार्डन में संपन्न हुआ। गरबे के साथ महिला, पुरुष युवतियों ने 17 नवंबर को सभी को वोट करने की अपील करी कार्यक्रम का संचालन मीना नारायण गोयल, गजेंद्र रिंकू अग्रवाल, शुभम प्रियंका अग्रवाल, सुरभि राजेश अग्रवाल, राम कविता अग्रवाल, राकेश प्रीति गोयल, प्रकाश अंजली बंसल, उमेश सपना मंगल, विशाल मीनू अग्रवाल, प्रज्ञा नीलेश अग्रवाल, का संचालन किया गरबे में तीन ताल गरबा व पुराने गीतों पर सिंगर धीरज प्रियंका अग्रवाल ने समां बांधा एवं कोरियोग्राफी द्वारा की गई कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक आशीष वंदना मित्तल, विनोद सीमा अग्रवाल, अभय पूजा अग्रवाल, भारत प्रावीणा अग्रवाल, अनिल संगीता अग्रवाल, पूजेश रितु अग्रवाल, संगम दीपा गोयन, मानस अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में बेस्ट कपल, बेस्ट मेल, बेस्ट फीमेल, बेस्ट चाइल्ड, बेस्ट गरबा, बेस्ट ड्रेस अप, बेस्ट मेकअप, बेस्ट हेयर स्टाइल यह पुरस्कार उपस्थित हुए अतिथि जगदीश गोयल बाबा श्री, अजय अग्रवाल आलू वाला, प्रमोद बिंदल, संजय धन्नालाल गोयल, राहुल अग्रवाल चूरीवाला, विष्णु जी बिंदल, टीकमचंद जी गर्ग, प्रयोग गर्ग, पवन सिंघल क्रेन, मनीष किरण खजांची, दुर्गेश निशा अग्रवाल, महेंद्र पीडी अग्रवाल, राजेश रामबाबू अग्रवाल, शिव जिंदल, रामदास शोभा गर्ग आदि ने प्रदान किये प्रतियोगिताओं का जजमेंट डॉक्टर मोनिका आशीष गर्ग दिया।

## 1 नं. में संजय शुक्ला नाम का एक निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले की सबसे हॉट सीट इंदौर-1 पर कांग्रेस के विधायक संजय शुक्ला और भाजपा के कैलाश विजयवर्गीय के बीच चुनावी मुकाबला है। यहां संजय शुक्ला नाम का एक निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में है। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी ने कैलाश विजयवर्गीय पर उनके नाम से अनजान व्यक्ति का फॉर्म भरवाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कैलाश विजयवर्गीय घबराए हुए हैं, इसलिए मेरे वोट बांटने की कोशिश कर रहे हैं। वो कितनी भी नौटंकी कर लें, मगर जनता उन्हें वोट नहीं देगी। कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला ने कहा- आज देश का अपमान हुआ है। राजनाथ सिंह ने कैलाश को हार्दिक पंड्या कहा है। हार्दिक पंड्या देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं, लेकिन कैलाश ने ऐसा कौन सा काम कर दिया? इंदौर में जो घोटाले हुए हैं, पेंशन घोटाला कैलाश के महापौर कार्यकाल में हुआ। इंदौर में कोई विकास नहीं हुआ। कैलाश बोलते हैं कि मैं विधानसभा-1 में ड्रग्स की बिक्री बंद करवा दूंगा। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि बिक्री कहां हो रही है। संजय ने कहा- ड्रग्स की बिक्री विधानसभा-2 में हो रही है। जो पैसा आ रहा है वो पाप की कमाई का आ रहा है। आप देख रहे हैं, विधानसभा-1 में साड़ियां बंट रही हैं। गिफ्ट बांटे जा रहे हैं। ये नोट से वोट खरीदने की कोशिश है, लेकिन जनता बिकने वाली नहीं है। कैलाश कहते हैं कि मैं जनता के हाथ जोड़ने नहीं जाऊंगा, उनका ये घमंड भी चूर होगा।कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला ने कहा- देखिए कैलाश कितने घबराए हुए हैं। उन्होंने एक संजय शुक्ला नाम के अनजान व्यक्ति का फॉर्म और भरवाया। मतलब कैलाश डर गए हैं मुझसे। वो सोच रहे हैं कि मेरे वोट डिवाइड करेंगे, लेकिन मेरे वोट डिवाइड नहीं होंगे। लोग उनके बेटे संजय शुक्ला को जानते हैं।




भाजपा की संभागीय बैठक आयोजित

## रूठों को मनाने के कारण अमित शाह नहीं ले पाए थे, प्रदेश प्रभारी यादव और विजयवर्गीय मौजूद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भारतीय जनता पार्टी की संभागीय बैठक मंगलवार सुबह 10.30 बजे से ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में हुई। यह बैठक दो सत्रों में होगी। यह बैठक पहले 30 अक्टूबर को अमित शाह लेने वाले थे। लेकिन नामांकन का आखरी दिन होने की वजह से इसे कैंसल कर दिया गया था। इंदौर संभाग के सभी 9 संगठनात्मक जिलों की बैठक रखी गई है। जिसमें 37 सीटों के विधानसभाओं के प्रभारी और वहां भेजे गए प्रवासी विधायकों को भी बुलाया गया है। आज यह बैठक केंद्रीय मंत्री और एमपी चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव ले रहे हैं।

बैठक में भूपेंद्र यादव ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से पूछा की जो काम अमित शाह जी ने दिया था। वह पूरा हो गया की नहीं और नहीं हुआ तो क्या कारण रहा। यादव ने आगे सभी जिला अध्यक्षों से वन टू वन बात कर पूछा की आपके जिले में प्रत्याशियों ने प्रचार-प्रसार शुरू किया की नहीं। वहीं कार्यकर्ता घर से निकल रहे हैं या नहीं निकल रहे हैं। इस दौरान यादव ने सभी जिले के पदाधिकारियों से कहा कि अगर कोई बागी नहीं मान रहा है तो हमें बताएं की उसे किस तरह से मनाना है।

# शिवराज पर हमलावर हुए प्रदीप जैन, बोले- भर्ती घोटालों की वजह से प्रदेश में बेरोजगार हैं युवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन आदित्य ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभाकक्ष में पत्रकारवार्ता की। इस दौरान उन्होंने कह कि मध्य प्रदेश में 18 साल की शिवराज सिंह चौहान की सरकार में सबसे अधिक नुकसान अगर किसी वर्ग का हुआ है तो वह मप्र के नौजवान हैं। मप्र सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मप्र में 40 लाख से अधिक रजिस्टर्ड बेरोजगार युवा हैं। अगर गैर पंजीकृत आंकड़ों को भी इसमें शामिल करें तो बेरोजगारों की संख्या एक करोड़ से अधिक हो जाती है।**



इस बेरोजगारी का मुख्य कारण शिवराज सरकार के भर्ती घोटाले, पेपर लीक, परीक्षाओं के रिजल्ट जारी न करना, जानबूझ कर त्रुटिपूर्ण रिजल्ट जारी करना आदि शामिल हैं। खुशी की बात यह है कि 18 सालों से चली आ रही 'अंधियारी काली रात' अब ढलने वाली है और एक महीने बाद मप्र में कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार बन रही है। नौकरी चोर शिवराज जाने वाले हैं और रोजगार देने वाले कमलनाथ जी आने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार ने भर्ती घोटालों के मामले में मप्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कलंकित किया है। व्यापमं घोटाला, डीमेट घोटाला, आरक्षक भर्ती घोटाला, पेसा कॉर्डिनेटर भर्ती घोटाला, नर्सिंग कॉलेज घोटाला और पटवारी भर्ती घोटाला आदि इसकी जीवंत मिसाल हैं। अगर मप्र में इस तरह के घोटाले नहीं हुए होते तो प्रदेश में कम से कम 20 लाख युवाओं को नौकरी अथवा सम्मानजनक रोजगार मिल गया होता।

शिवराज सरकार ने मप्र में चार लाख करोड़ से अधिक का कर्ज लिया है, लेकिन इस कर्ज से किसी बेरोजगार को रोजगार नहीं दिया। इन परिस्थितियों को बदलने के लिए मप्र भर्ती जांच आयोग बनाया जाएगा। यह आयोग पटवारी भर्ती परीक्षा, परिवहन विभाग में भर्ती घोटाला एवं व्यापमं घोटाले की जांच नए सिरे से प्राथमिकता से कराएगी। मप्र में ऑनलाइन परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर धांधली की शिकायतें आ रही हैं। इसलिए कांग्रेस सरकार ऑफ लाइन परीक्षाएं शुरू करेगी।

### कांग्रेस समझती है पीड़ा

जैन ने कहा कि मप्र के नौजवानों की इस पीड़ा को कांग्रेस पार्टी समझती है। इसलिए कमलनाथ जी ने मप्र के युवाओं का भविष्य संवारने का संकल्प लिया है। मप्र में भाजपा सरकार ने पिछले 10 साल में करीब 100 करोड़ रुपया प्रतियोगी परीक्षाओं के शुल्क के रूप में वसूला है जो भाजपा के भ्रष्टाचारी नेताओं की जेब में डाला है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही प्रतियोगी परीक्षाओं में लगने वाला शुल्क 100 प्रतिशत माफ कर दिया जाएगा। जिन प्रतियोगी परीक्षाओं के रिजल्ट लंबे समय से जानबूझ कर रोके गए हैं, वे रिजल्ट भी घोषित किए जाएंगे।

### युवाओं ने की आत्महत्या

जैन ने कहा कि मप्र में रोजगार न मिलने से भाजपा की 18 साल की सरकार में 17298 छात्रों और बेरोजगारों ने आत्महत्या की है। बहुत से युवा रोजगार की तलाश में चिटफंड और दूसरी तरह के झांसों में आकर कर्ज के दलदल में डूब जाते हैं और आत्महत्या कर लेते हैं, जिससे देश ही नहीं विश्व में भी मप्र शर्मसार हुआ है। मप्र में बेरोजगारी के चलते कई परिवारों द्वारा सामूहिक आत्महत्या करने के मामले भी सामने आये हैं। इस सूरतेहाल को बदलने के लिए कमलनाथ जी ने फैसला किया है कि कांग्रेस सरकार बनने पर बेरोजगारों को 1500 से 3000 रुपये तक बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा।

## कमलनाथ के सांसद बेटे नकुल की भविष्यवाणी, बता दिया कि पिताजी कब मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा**। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के सांसद बेटे नकुल नाथ ज्योतिष बन गए हैं। पहले उन्होंने अपनी संसदीय सीट की तीन विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों की घोषित की। बाद में जब कांग्रेस की लिस्ट आई तो यही नाम उसमें शामिल रहे। अब नकुल नाथ बोले हैं कि सात दिसंबर को कमलनाथ फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।



छिंदवाड़ा से कांग्रेस सांसद नकुल नाथ आउटसोर्स मोर्चा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस के वचन पत्र में आउटसोर्स, अस्थायी एवं संविदा तथा अनुकम्पा नियुक्तियों सहित सभी विभागों के निष्कासित कर्मचारियों की मांगों का निराकरण पहली कैबिनेट बैठक में करने का वादा किया गया है। नकुल नाथ ने कार्यक्रम में कहा कि हमने आपकी मांगों को अपने वचन पत्र में शामिल कर लिया है। तीन दिसंबर को विधानसभा चुनावों के नतीजे आएंगे। इसके बाद सात दिसंबर को कमलनाथ जी के मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में जरूर आइएगा। कर्मचारी मोर्चा के कार्यक्रम में नकुलनाथ ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि सरकार बनते ही उनकी मांगों का सबसे पहले निराकरण कराया जाएगा। वह खुद उन लोगों की बात रखेंगे। अभी सभी लोग कमलनाथजी को मुख्यमंत्री बनवाने के लिए काम करें। उन्होंने सात दिसंबर को कमलनाथ के शपथ ग्रहण समारोह का आमंत्रण भी कर्मचारियों को दे दिया।

**शिवराज के बयान पर कमलनाथ का पलटवार, बोले-**

# जय और वीरू ने ही किया था गब्बर का हिसाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में शोले फिल्म के किरदार जय-वीरू की एंट्री के बाद अब गब्बर सिंह की भी एंट्री हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर निशाना साधते हुए उन्हें जय और वीरू बताया था। अब इसके जवाब में कमलनाथ ने शोले फिल्म के विलन गब्बर सिंह का नाम लिया है। उन्होंने ट्वीट किया कि शिवराज जी, जय और वीरु ने ही अत्याचारी गब्बर सिंह का हिसाब किया था। मध्य प्रदेश 18 साल से अत्याचार से त्रस्त है। अत्याचार के अंत का समय आ गया है। बाक़ी आप समझदार हैं।**



गौरतलब है कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के बीच आ रही अनबन की खबरों पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तंज कसा था, जबकि कमलनाथ इन खबरों को पूरी तरह से फेक बता चुके हैं।

### ये बोले थे शिवराज

सीएम शिवराज ने सवाल उठाते हुए कहा था कि ये जय और वीरू की जोड़ी है, जिसे दिल्ली बुलाया गया। अब वो कहते हैं कि भाजपा भ्रम फैला रही है तो दिल्ली क्यों बुला रही है! कांग्रेस के जय और वीरू झगड़ रहे हैं और ये लड़ रहे हैं लूट के माल के लिए। जय और वीरू तो लूटते ही थे, इनका झगड़ा है लूट के माल के लिए। पहले भी 2003 तक मिस्टर बंटाधार में पूरे प्रदेश को लूटा और बर्बाद कर दिया सवा साल में कमलनाथ जी ने भी लूट का अड्डा बना दिया था। अब आगे कौन लूटे और कितना लूटे और उसमें कितनी हिस्सेदारी हो झगड़ा इनका केवल इस बात का है। अब दिल्ली भी पता नहीं इन पर किस मुद्दों पर चर्चा कर रही है। क्या दिल्ली भी इसमें शामिल है।

### छोड़ रहे चुनावी तीर

विधानसभा चुनाव के इस दौर में दोनों ही पार्टियों के नेताओं की ओर से चुनावी तीर छोड़े जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जहां पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर निशाना साथ रहे हैं। वहीं, जवाब में कमलनाथ भी शिवराज सिंह पर बराबर हमला कर रहे हैं। जय-वीरू और गब्बर से पहले भी शिवराज और कमलनाथ दोनों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते रहे हैं।

## नशा मुक्ति केंद्र में युवक के साथ दरिंदगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **रीवा**। रीवा के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में संचालित संकल्प नशा मुक्ति केंद्र से दिल दहला देने वाली एक घटना समाने आई है। संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती नशे के आदि एक यूवक के साथ नशा मुक्ति केंद्र के लोगों ने मानवता की सारी हदें पार कर डाली। नशा मुक्ति केंद्र के संचालक और कर्मचारियों ने पीड़ित के गुप्तांग में गैस चूल्हे का लाइटर डालकर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। जिससे पीड़ित की आंत तक फट गई। पीड़ित के शरीर से काफी मात्रा में जब खून निकला तो नशा मुक्त केंद्र के संचालक और कर्मचारियों के हाथ पैर फूल गए। नशा मुक्ति केन्द्र के कर्मचारियों ने आनन फानन में पीड़ित को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया, तब इस बात की जानकारी परिजनों को लगी तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। ग्राम पंचायत गढ़वा निवासी मुकेश मिश्रा नशे का आदि था। उसकी लत छुड़वाने के लिए परिजनों ने उसे संकल्प नशा मुक्ति केंद्र में 25 जुलाई 2021 को भर्ती कराया था, जिसको लेकर संचालक पीड़ित के परीजनों से प्रतिमाह 15 से 18 हजार रुपए तक की राशि वसूलते थे। लेकिन जब पीड़ित मुकेश की पत्नी उससे मिलने जाए तो उसे मिलने नहीं दिया जाता था और यह कह कर वापस लौटा दिया जाता था कि यहां पर सब पुरुष रहते हैं और नशा करने की वजह से उनका मानसिक संतुलन नहीं रहता इस वजह से आप नहीं मिल सकती और ये बात कहकर परिजनों को पीड़ित से नहीं मिलने दिया जाता था।

## एक करोड़ की अवैध शराब से भरे दो कन्टेनर जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**रतलाम**। विधानसभा चुनाव के चलते जिलेभर में की जा रही सर्चिंग और वाहनों की तलाशी के दौरान सोमवार को बिलपांक पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। बिलपांक पुलिस ने लगभग एक करोड़ रुपये की अवैध शराब लेकर जा रहे दो कन्टेनरों को जब्त किया। इस मामले में दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार बिलपांक पुलिस ने रुटीन वाहन चैकिंग के दौरान दो कन्टेनरों की तलाशी ली, तो पता चला कि इन कन्टेनरों में लगभग ग्यारह सौ पेटी शराब भरी हुई थी। कन्टेनर चालकों से शराब के दस्तावेज मांगे जाने पर वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। प्रारंभिक पूछताछ में कन्टेनरों के चालकों ने अपने नाम सतीश जाट और भगवान जाट बताए हैं। दोनों ही रोहतक (हरियाणा) के रहने वाले हैं। चालकों ने बताया कि ये शराब वे मुंबई से उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे। शराब के परिवहन से सम्बन्धित दस्तावेज नहीं होने के चलते पुलिस ने दोनों वाहन चालकों को गिरफ्तार करते हुए अवैध शराब और कन्टेनरों को जब्त कर लिया है।

New Delhi

# वाणिज्यिक LPG गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की बढ़ोतरी, दो महीने में दूसरी बार बढ़े दाम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सरकारी तेल कंपनियों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 100 रुपये की बढ़ोतरी की है। पिछले दो महीनों में दूसरी बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। अक्तूबर में कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 209 रुपये की बढ़ोतरी की थी। इस बढ़ोतरी के एलपीजी सिलेंडरों की कीमत तब 1731.50 रुपये हो गई थी।

कीमत में नई बढ़ोतरी के बाद अब दिल्ली में 19 किलो वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का दाम 1,731 से बढ़कर 1,833 रुपये हो गया है। वहीं मुंबई में इसकी कीमत 1,785.50 रुपये, कोलकाता में 1,943 रुपये और चेन्नई में 1999.50 रुपये हो गई है। अक्तूबर में वाणिज्यिक



एलपीजी सिलेंडर की कीमत मुंबई में 1,684 रुपये, कोलकाता में 1,839.50 रुपये और चेन्नई में 1,898 रुपये थी।

बता दें, एक सितंबर को तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में 158 रुपये की कटौती की थी। इसके बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत घटकर 1,522 रुपये हो गई थी। अगस्त महीने की शुरुआत में भी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपये की कटौती की थी। हालांकि, पिछले दो महीनों में कंपनियों ने दो बार कीमतों में बढ़ोतरी की है। हालांकि, इस दौरान खाना पकाने के लिए रसोई में इस्तेमाल होने वाली घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमतों में कोई भी बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में 14.2 किलो घरेलू सिलेंडर की कीमत अब भी 903 रुपये है।

Uttarpradesh

## यूपी के हस्तिनापुर में खूनी संघर्ष, पुलिस पर पथराव, कई थानों की पुलिस तैनात

**मेरठ, (एजेंसी) मेरठ में हस्तिनापुर के हरिपुर गांव में मंगलवार रात नाली के विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। कई राउंड फायरिंग से अफरातफरी मच गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो एक पक्ष ने पथराव कर दिया। इसके बाद कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और सख्ती से स्थिति पर काबू पाया। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।**

पुलिस के अनुसार, हरिपुर गांव में चार दिनों से नाली को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। एक पक्ष ने थाने में चार दिन पहले तहरीर दी थी लेकिन थाना पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। विवाद बढ़ता गया और मंगलवार देर रात दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। जमकर संघर्ष हुआ। एक पक्ष ने दहशत फैलाने की नीयत से एक के बाद एक कई राउंड फायरिंग कर दी, जिससे गांव में भगदड़ मच गई। दूसरे पक्ष ने भी फायरिंग कर दी। गांव के लोग घरों में घुस गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो एक पक्ष ने पुलिस की जीप पर पथराव कर दिया। पुलिसकर्मियों को जान बचाकर वहां से भागना पड़ा। उच्चाधिकारियों को सूचना दी। पुलिस पर पथराव की सूचना मिलते कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और स्थिति पर काबू किया।

Jammu

कश्मीर में दर्दनाक हादसा

## कुपवाड़ा में लोगों से भरी सूमो गाड़ी गहरी खाई में गिरी, चार की मौत; 10 लोग घायल

**कुपवाड़ा, (एजेंसी) उत्तरी कश्मीर के पुलवामा जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। करनाह के नवागाबरा इलाके में एक सूमो वाहन गहरी घाई में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है जबकि 10 लोग घायल बताए जा रहे हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक लोगों से भरी सूमो तेज गति से फिसलते हुए नाटी टॉप खाई में जा गिरी।**

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान साइदा बानो (22), मोहम्मद सईद रैना (55), रजिया बानो (18) और नूसरत बेगम (35) के तौर पर हुई है।

Punjab

## पंजाब में फिर गैंगवार, हमलावरों ने बीच सड़क पर गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह लाडी को भूना

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** पंजाब में फिर गैंगवार की घटना हुई है। फिरोजपुर में मंगलवार देर शाम को कुख्यात गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ लाडी उर्फ खिलाड़ी की सरेआम हत्या कर दी गई। फिरोजपुर में भट्टियां वाली बस्ती के पास सड़क पर दो गुटों के बीच हुई गैंगवार में उसे गोलियां मार दी गईं। शेर खान गांव के रहने वाले गुरप्रीत की मौके पर ही मौत हो गई। वह कई मामलों में पुलिस को वांछित था।

गैंगस्टर गुरप्रीत पर मंगलवार शाम बाइक सवारों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। पुलिस के मुताबिक, बीच बाजार उस पर गोलियां चलाई गईं और पांच राउंड फायर किए गए। सिर में गोली लगने से उसकी मौत हो गई। लाडी शूटर शिशु गैंग का सदस्य था, जिन्होंने हाउसिंग बोर्ड



कॉलोनी में अप्रैल 2022 को गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया था।

गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह लाडी के खिलाफ कपूरथला सहित पंजाब के कई अलग-अलग थानों में मामले दर्ज हैं। गुरप्रीत पर हत्या, किडनैपिंग, फिरौती मांगने और हत्या प्रयास जैसे कई मुकदमे दर्ज हैं।

खेल

# पाकिस्तान ने चार हार का क्रम तोड़ा, अफरीदी और फखर ने दिलाई जीत

**कोलकाता।** पाकिस्तान ने विश्वकप में पिछले चार मुकाबलों से मिलती आ रही हार का क्रम तोड़ दिया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में उसने बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। दूसरी ओर, बांग्लादेश की टीम सात मैचों में छठी हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ खेलना है। दोनों मैचों में जीत के बाद वह सेमीफाइनल में पहुंच सकता है। हालांकि, इसके लिए उसे अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बांग्लादेशी टीम 45.1 ओवर में 204 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान ने 32.3 ओवर में तीन विकेट पर 205 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। बांग्लादेश



अब श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा।

पाकिस्तान के लिए फखर जमान ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। अब्दुल्ला शफीक ने 68 रन बनाए। जमान और शफीक ने पहले विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी कर पाकिस्तान को मजबूत शुरुआत दिलाई। फखर पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म के कारण नहीं खेले थे। उन्हें इमाम उल हक की जगह शामिल किया गया। फखर ने कप्तान के फैसले को सही साबित किया और टीम को जीत दिलाई।

कप्तान बाबर आजम का बल्ला इस मैच में नहीं चला। वह टूर्नामेंट में तीन अर्धशतक लगा चुके हैं, लेकिन एक भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। बाबर नौ रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनके आउट होने के बाद मोहम्मद रिजवान और इफ्तिखार अहमद ने मैच को समाप्त किया। रिजवान 26 और इफ्तिखार 17 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश के लिए तीन विकेट मेहदी हसन मिराज ने लिए।

इससे पहले बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन महमूदुल्ला ने बनाए। उन्होंने 56 रन की पारी खेली। लिटन दास 45, कप्तान शाकिब अल हसन 43 और मेहदी हसन मिराज 25 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद वसीम जूनियर और शाहीन अफरीदी ने तीन-तीन विकेट लिए। हारिस रऊफ को दो सफलता मिली। इफ्तिखार अहमद और उसामा मीर ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

इससे पहले शाहीन शाह आफरीदी (3/23) की घातक गेंदबाजी के आगे बांग्लादेश की पारी 45.1 ओवर में 204 रन पर सिमट गई। यह विश्वकप में बांग्लादेश का पाकिस्तान के खिलाफ सबसे कम स्कोर है। इससे पहले उसने 2015 में पाकिस्तान के खिलाफ सबसे कम 221 रन बनाए थे। महमूदुल्लाह (56) ने वनडे में 28वां अर्धशतक लगाते हुए लिटन दास (45) के साथ 79 रन की साझेदारी की।

सिनेमा

# 35 साल की साउथ एक्ट्रेस ने किया सुसाइड, घर में लटका मिला शव, कुछ घंटों पहले की ये पोस्ट



फिल्म जगत से एक बेहद बुरी खबर सामने आ रही है. साउथ एक्ट्रेस रंजुषा मेनन ने आत्महत्या कर ली है. उनका शव उनके ही घर में फांसी से लटका हुआ पाया गया. हालांकि अभी तक सुसाइड की वजह का पता नहीं चल पाया है. लेकिन इस खबर से इंडस्ट्री में मातम पसर गया है, एक्ट्रेस के करीबी इस खबर से बेहद शॉक्ड हैं.

रंजुषा मेनन 35 साल की थीं. हालांकि एक्ट्रेस की मौत 30 अक्टूबर की सुबह को हुई थी, लेकिन इसकी जानकारी अब सामने आई है. रंजुषा का शव तिरुवनंतपुरम के श्रीकार्याट स्थित उनके घर में लटका हुआ पाया गया. एक्ट्रेस पिछले कुछ समय से अपने पति और बच्चों के साथ श्रीकार्याट में किराए पर रह रही थीं. शव को पोस्टमार्टम के लिए तिरुवनंतपुरम मेडिकल कॉलेज भेजा गया. वहीं पुलिस फिलहाल मौत की वजह का पता लगाने में जुटी हुई है.

रंजुषा इंस्टाग्राम पर भी काफी एक्टिव रहती थीं. मौत से कुछ वक्त पहले रंजुषा ने इंस्टाग्राम पर एक फनी रील पोस्ट की थी. अक्सर ही वो अपने को-एक्टर्स के साथ वीडियो बनाती रहती थीं.

# संपादकीय

## हिंसक आंदोलन

महाराष्ट्र में मराठा आंदोलन हिंसक हो उठा है। तीन विधायकों के घरों और दफ्तरों में तोड़-फोड़ और आगजनी की गई। एक नगर पालिका परिषद के दफ्तर को भी आग के हवाले कर दिया गया। कई बसें जला दी गई और रास्ते रोक दिए गए। अब इसे लेकर राजनीति भी गरम हो उठी है। बताया जा रहा है कि कुछ सांसदों और विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है। कुछ नेता सभी सांसदों से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। हालांकि राज्य सरकार किसी तरह इस आंदोलन को शांत करने के प्रयास में जुटी है। उसने मराठा समुदाय के लोगों को कुनबी समुदाय का प्रमाणपत्र देने की पहल की है, मगर यह आंदोलन फिलहाल रुकता नहीं जान पड़ता। कुनबी समुदाय पिछड़ी जाति के अंतर्गत आती है। इस तरह मराठा समुदाय को कुनबी का प्रमाणपत्र मिलने से वे भी अन्य पिछड़ी जाति को तय उन्नीस फीसद आरक्षण में हिस्सेदार बन जाएंगे। इसलिए महाराष्ट्र के अन्य पिछड़ा वर्ग का संगठन सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहा है। यानी सरकार के सामने इस मामले में मुश्किलें दोहरी हैं। वहां कोई भी राजनीतिक दल न तो मराठा को नाराज करना चाहता है और न ओबीसी को अपने से दूर। दरअसल, महाराष्ट्र ही नहीं, देश के अनेक राज्यों में आरक्षण की आग राजनीतिक दलों ने ही सुलगा रखी है। जब वे विपक्ष में होते हैं, तो किसी प्रभावशाली समुदाय को आरक्षण का लोभ देकर अपने सत्ता तक पहुंचने का रास्ता तैयार करते हैं और फिर सत्ता में आने के बाद उस वादे को पूरा करना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। महाराष्ट्र में मराठा समुदाय मूलतः खेतिहर समुदाय है और आर्थिक रूप से बहुत कमजोर स्थिति में है। काफी समय से वह नौकरियों और शिक्षा में अन्य पिछड़ी जातियों की तरह आरक्षण की मांग करता रहा है। पांच साल पहले राज्य सरकार ने उसे सोलह फीसद आरक्षण देने का फैसला भी कर लिया था। बांबे उच्च न्यायालय ने भी उसमें कुछ कटौती करते हुए उसे विशेष प्रावधान के तहत लागू करने की इजाजत दे दी थी। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने पचास फीसद की संवैधानिक सीमारेखा का हवाला देते हुए उस पर रोक लगा दी थी। ताजा मामले में मनोज जेरांगे-पाटिल नाम के एक व्यक्ति ने यह मांग उठाते हुए भूख हड़ताल शुरू कर दी कि मराठा समुदाय को कुनबी समुदाय माना जाए। उनके समर्थन में लोग जुटते गए। सरकार ने इसके लिए एक समिति बना दी और एक महीने के भीतर फैसला करने का आश्वासन दिया। मगर वह समय सीमा पार हो गई तो फिर से आंदोलन शुरू हो गया और अब हिंसक हो उठा है। नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग जिस तरह एक राजनीतिक हथियार बन गई है, उसमें हमेशा आशंका बनी रहती है कि कब कहां कोई नया समुदाय ऐसी मांग लेकर आंदोलन पर उतर आए। हरियाणा में जाट, गुजरात में पटेल और राजस्थान में गुर्जर समुदाय ऐसे आरक्षण की मांग लेकर अनेक बार सरकारों पर दबाव बनाने का प्रयास कर चुके हैं।

**अर्ज किया है..!**

*एक दूसरे की तरह*
*होना जरूरी नहीं,*
*एक दूसरे के लिए*
*होना जरूरी है।*

॥ श्री ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

*तू छोड़ दे कोशिशें...*
*इंसानों को पहचानने की..!*
*यहां जरूरतों के हिसाब से...*
*सब बदलते नकाब हैं..!*
*अपने गुनाहों पर सौ पर्दे डालकर*
*हर शख्स कहता है-*
*जमाना बड़ा खराब है..!*

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान


# वैज्ञानिकों ने सुलझाई 39 करोड़ साल पुरानी गोंडवाना की मर्डर मिस्ट्री

### ◆ भारत भी था इसी महाद्वीप का हिस्सा

गोंडवाना महाद्वीप में माल्विनोक्सहोसन बायोटा नाम का जानवरों समूह रहता था। पानी में रहने वाले ये जानवर बड़ी संख्या में पाए जाते थे। फिर ये रहस्यमय तरीके से मर गए। इनके गायब होने के बारे में कई तरह की थ्योरी रही हैं। कुछ में इनके किसी दूसरे जानवर समूह के हमले में मारे जाने की बात कही जाती है तो कुछ में पानी कोई जहरीली चीज घुल जाने की। इन सभी को नई रिसर्च ने नकार दिया है और दुनिया की सबसे पुरानी मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व कर देने की बात कही है।

**केप टाउन**। वैज्ञानिकों ने आखिरकार 390 मिलियन साल पहले हुई उन हत्याओं के रहस्य से पर्दा हटा दिया है। जिसे दुनिया की सबसे पुरानी मर्डर मिस्ट्री भी कहा जाता है। ये गोंडवाना में रहने वाले जानवरों की रहस्मयी मौत से जुड़ा था। अब एक शोध में सामने आया है कि प्राचीन महाद्वीप गोंडवाना में विलुप्त हो चुके समुद्री जानवरों के समूह के साथ आखिरकार क्या हुआ था और कैसे ये मर गए थे। ये रिसर्च करीब 39 करोड़ साल पहले इन जानवरों के खत्म हो जाने के पीछे जलवायु परिवर्तन में बदलाव की ओर इशारा करती है।

शोध के मुताबिक, पानी में रहने वाले जानवरों का एक प्राचीन समूह माल्विनोक्सहोसन बायोटा 5 मिलियन साल पहले ही गोंडवाना से गायब हो गया क्योंकि समुद्र का स्तर धीरे-धीरे कम हो गया था। ये दावा 13 अक्टूबर को जर्नल अर्थ-साइंस में प्रकाशित हुए शोध में कहा गया है। रिसर्च में कहा गया है कि जिस जलवायु परिवर्तन ने जानवरों के इस समूह को खत्म किया, उसमें आज हो रहे परिवर्तनों जैसी समानताए हैं।



### भारत भी था इसी गोंडवाना का हिस्सा

जोहान्सबर्ग में विटवाटरसैंड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक और अध्ययन के लेखक कैमरन पेन-क्लार्क ने अपने बयान में कहा कि इन जानवरों के लापता होने का कारण करीब दो शताब्दियों तक एक पहेली बना हुआ था। अब 390 मिलियन वर्ष पुरानी हत्या के रहस्य का पता चल गया है।

शोध में कहा गया है कि विलुप्त होने के समय दक्षिणी ध्रुव के पास का क्षेत्र गोंडवाना का घर था। इसमें आज के समय में अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, भारतीय उपमहाद्वीप और अरब प्रायद्वीप के हिस्से आते हैं। गोंडवाना करीब 600 मिलियन वर्ष पहले सुपरकॉन्टिनेंट पैंजिया के टूटने के साथ बना और 180 मिलियन वर्ष पहले अलग होना शुरू हुआ। गोंडवाना विभिन्न प्रकार के पौधों और जानवरों का घर था। इसके निवासी माल्विनोक्सहोसन बायोटा भी थे। पानी में सरहने वाले इस समूह में मुख्य रूप से ट्रिलोबाइट्स और बाइवेल्व-जैसे ब्राचिओपोड्स, साथ ही कुछ मोलस्क और इचिनोडर्म शामिल थे। ये सभी 390 मिलियन से 385 मिलियन वर्ष पहले रहस्यमय तरीके से मर गए।

### रिसर्च टीम ने लंबे समय तक किया शोध


इस रहस्य को सुलझाने के लिए रिसर्च टीम ने माल्विनोक्सहोसन बायोटा से संबंधित सैकड़ों जीवाश्मों का पुनर्विश्लेषण किया। इसमें प्रत्येक जीवाश्म पाए जाने वाले चट्टानों के स्थान, गहराई और भूवैज्ञानिक गुणों पर विशेष ध्यान दिया गया। इससे उन्हें एक साथ टुकड़े करने में सक्षम बनाया गया। टीम को माल्विनोक्सहोसन बायोटा की सात से आठ प्रमुख जीवाश्म परतें मिलीं। पेन-क्लार्क ने बताया कि जीवाश्म परतों की तुलना स्थानीय समुद्र स्तर के आंकड़ों से करने के बाद, शोधकर्ताओं ने देखा कि प्रत्येक परत समुद्र के स्तर में मामूली कमी के अनुरूप है। इन गिरावटों से वे महासागर नहीं सूखे, जहां ये जानवर रहते थे, लेकिन संभवतः जलवायु परिवर्तन शुरू हो गया, जिसे जीव अनुकूलित नहीं कर सके।

शोधकर्ताओं का मानना है कि माल्विनोक्सहोसन बायोटा ठंडे पानी में जीवित रहने के लिए विकसित हुआ था। लेकिन समुद्र के स्तर में गिरावट से दक्षिणी ध्रुव के आसपास समुद्री धाराएं बाधित हो गईं, जिन्हें 'सर्कम्पोलर थर्मल बैरियर' के रूप में जाना जाता है। इससे जिससे भूमध्य रेखा से गर्म पानी को ठंडे दक्षिणी पानी के साथ मिलने में मदद मिली। ये बदलाव ही माल्विनोक्सहोसन बायोटा के खत्म होने की बड़ी वजह बना। पेन क्लार्क ने कहा है कि इस शोध की अहमियत इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि जैव विविधता का ये संकट उसी तरह का है, जिसका हम वर्तमान समय में सामना कर रहे हैं। यह समुद्र के स्तर और तापमान में बदलाव और पारिस्थितिकी तंत्र की संवेदनशीलता को दिखाता है।

## Highlights

- **Dense haze covers Delhi as air quality remains 'very poor'**
- **2 coaches, engine of Suhaildev Express derail in UP's Prayagraj**
- **Men seen vandalising Maha minister's car amid Maratha quota stir**
- **Car carrying alcohol meets with accident in Bihar, people rush to loot liquor from it**
- **Kerala blasts accused fights his own case in court, says 'It's my choice'**

# Google's tech can evolve any noise cancelling earbuds into heart rate monitors




(a): earbud actively probing. (b): cylindrical cavity model.

**Figure 3: Illustrations of (a) ANC earbuds actively probe the ear canal and (b) a simplified model to describe the physiology activities inside the ear canal.**

**NEW DEIHI, (Agency).** Google has made headway into a technology that can give any and all true wireless earbuds you may already own, a significant upgrade. Potentially, with just a software update, wireless earbuds can integrate heart rate monitoring without any additional hardware requirement. Except that the earbuds, earphones or headphones in question must have active noise cancellation, since it'll use a similar route as noise cancellation to work.

The research paper, titled 'APG:Audioplethysmography for Cardiac Monitoring in Hearables', details the experimental tech that uses a low intensity ultrasound probing signal routed via an ANC, or active noise cancellation, headphone's microphone and speakers and subsequently receiving echoes via the on-board feedback microphones. This low intensity signal will bounce off the ear canal, and since each ANC earphone has a tiny microphone to detect ambient sounds, that'll be used to hear back for how the skin surface responds to blood flow.

The more commonly used tech in fitness and health tracking wearables is Photoplethysmography (PPG), which uses light pulses to measure blood activity. In fact, most smartwatches, fitness bands, health tracking rings and other wearables rely on PPG to different degrees (alongside software and algorithms to make sense of these readings), to measure blood flow activity and thereby calculate the heart rate which is presented to you as a number – that is also why it is recommended to wear a smartwatch or fitness band without leaving a gap between the sensors on the watch and your skin.

# Ambanis arrive at Jio World Plaza red carpet event: 'Ode to Indian designers'

**Mumbai, (Agency).** Mumbai's Bandra-Kurla Complex (BKC) witnessed a star-studded affair on Tuesday evening as Reliance Industries chairman Mukesh Ambani, his wife Nita Ambani, and their daughter Isha Ambani graced the red carpet event at the unveiling of the Jio World Plaza, a lavish retail and entertainment complex that is set to redefine luxury shopping in India. Ambani's son Akash and



daughter-in-law Shloka Mehta were also present at the red carpet event.

Adding to the glitz and glamour of the evening, several Bollywood celebrities, including Alia Bhatt, Deepika Padukone, and Rajkumar Rao made their presence felt at the Jio World Plaza's red carpet event.

Speaking to the gathered press, Nita Ambani, who also serves as the founder and chairperson of the Reliance Foundation, expressed her enthusiasm for the project. "Jio World Plaza is not only going to be the best mall in India, but I hope it will become the best mall in the world. Definitely, we are really looking forward to it," she said. "Today is an ode to all the Indian designers and our arts & artisans also."

# युवती को बहाने से बुलाकर की हरकत

## ◆मकान मालिक पर आरोप, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

किराए के मकान में रहने वाली युवती ने मकान मालिक पर गलत हरकत का का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मकान मालिक पर केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार गलत हरकत का मामला बाणगंगा थाना इलाके के कालिंदी गोल्ड क्षेत्र का है । आरोपी का नाम अनिल पिता रामेश्वर मालवीय है । उसके मकान में एक लडकी किराए से रहती है। आरोपी ने कल उसे रोटी बनाने के बहाने घर पर बुलाया। लडकी ने इनकार कर दिया तो आरोपी उसे जबरदस्ती पकड़ कर अपने घर में ले गया और उसके साथ गलत हरकत कर डाली । पीडिता ने शोर मचाया तो आरोपी धमकाकर भाग निकला।

### परिचित ने की छेड़छाड़

इसी तरह छेड़छाड़ का दूसरा मामला एरोड्रम पुलिस ने आरोपी सोहेब खान निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी के खिलाफ दर्ज किया है। जिस लडकी ने सोहेब के खिलाफ शिकायत की है उसकी मां के साथ आरोपी कपड़े सिलने का काम करता है। इस वजह से लडकी से भी उसकी दोस्ती थी । आरोपी ने कल उसके साथ गलत हरकत की और साथ चलकर शादी करने को कहा । आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

### किशोरी से नाबालिग ने की छेड़छाड़

अन्नपूर्णा पुलिस ने 12 साल की लडकी की शिकायत पर नाबालिग आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पास्को की धाराओं में केस दर्ज किया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसका पीछा करता है, उससे उसका फोन नंबर मांग रहा था। कल घर आकर भी अश्लील हरकत की थी।

## सीसीटीवी फुटेज से पकड़ाए चेन लुटेरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सरकारी टीचर के साथ चेन लूट की वारदात के मामले में आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिले थे। ये फुटेज क्राइम ब्रांच के पास भी पहुंचे। टीम ने फुटेज के सहारे चेन लुटेरों को दबोच लिया। इसकी सूचना मिलने के बाद लसूडिया पुलिस उन्हे थाने लाकर पूछताछ कर रही है। लसूडिया थानांर्गत भंवस स्कूल के पास तीन दिन पहले सरकारी टीचर ललिता साहनी निवासी श्रुति शेल्टर निपानिया के साथ चेन लूट की वारदात हुई। वह अपने बेटे गर्वित के साथ उसकी शॉप से मोपेड से घर जा रही थी। इस दौरान बाइक पर आए दो बदमाशों ने मोढ़ पर पीछे से आकर ललिता के गले पर झपट्टा मारा। जिसमें उनकी सोने की चेन लेकर पिपल्याकुमार गांव की तरफ दोनो भागे। इस दौरान टीचर ललिता ओर बेटे गर्वित ने मोपेड से पीछा भी किया। लेकिन बदमाश तेज बाइक लेकर फरार हो गए। वारदात के बाद महिला थाने पहुंची। उन्होंने पुलिस को चैन लूट की जानकार दी। पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच ने पूरे रास्ते के फुटेज चेक किये। जिसमें क्राइम ब्रांच दोनो बदमाशों तक पहुंच गई। इस मामले में बाइक सहित दोनो आरोपियों को हिरासत में लिया। यहां इसी दौरान लसूडिया थाने की पुलिस भी पहुंच गई। आरोपी को अपने साथ ले जाने को लेकर विवाद करने लगी। बाद में टीआई ने अफसरों से बात की। इसके बाद आरोपी को स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। अभी ओर मामले में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# मोबाइल लूट-सिटीजन कॉप एप पर दर्ज कराई शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कमिश्नर ने मोबाइल छीन कर ले जाने जैसे मामलों में शहर के सभी टीआई को लूट का केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद भी कई टीआई उनकी बातों का उल्लघंन करते हैं। सोमवार को अपने रूम पर जा रहे स्टूडेंट के साथ मोबाइल लूट की वारदात हो गई। वारदात के ष्टष्टञ्जङ्क भी आ गए। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट लिखाने के बजाय सिटीजन कॉप पर शिकायत दर्ज करवा दी।**

मामला एमआईजी इलाके का है। विशाल पुत्र राम शर्मा निवासी चौहान मानसरोवर छोटी खजरानी सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे अपने घर की तरफ पैदल मोबाइल पर बात करते हुए जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने हाथ पर झपट्?टा मारकर उसका मोबाइल लूट लिया।

विशाल ने दोनों आरोपियों का भागते हुए पीछा भी किया। लेकिन बदमाश मौका पाकर भाग गए। विशाल मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंचा। यहां बैठे स्टाफ ने उसे केस दर्ज करने के बजाय सिटीजन कॉप एप पर शिकायत करने की बात कही। जबकि कमिश्नर मकरंद देउस्कर ने ऐसे गंभीर मामले में सीधे केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

### कम्प्यूटर ऑपरेटर का मोबाइल लूटा

विजयनगर इलाके में भी सिक्योरिटी कंपनी में कम्प्यूटर आपरेटर का काम करने वाला नितिन नामदेव का मंगलवार दोपहर करीब 4 बजे के लगभग कान्यकुब्ज कॉलेज की तरफ पैदल जा रहा था। इस दौरान प्रेस्टिज कॉलेज गली में वह मोबाइल पर बात करते हुए पलटा तो बदमाशों ने उसका मोबाइल छीन लिया। बदमाश तेजी से बाइक लेकर सत्यसांई चौराहे की तरफ भाग गए। पीडित मामले में थाने पहुंचा। थाने पर मौजूद स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज चैक किए। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल लूट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। फुटेज में दिखे दोनों बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# कलयुगी पोते ने दादी को किया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलयुगी पोते के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। दरअसल रुस्तम का बगीचा में रहने वाली एक महिला पर उसके पोते ने ही हमला कर उसे घायल कर दिया।**

घायल बुजुर्ग महिला का नाम सुंती बाई पति मोहन उम्र 70 साल निवासी रुस्तम का बगीचा है। उनके बेटे हरीश ने बताया कि सुंती बाई आलू प्याज मंडी में काम करती हैं, उनके साथ ही आरोपी कालू की मां भी काम करती है। कालू रिश्ते में सुंती बाई का पोता लगता है। कल सुंती बाई और कालू की मां के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। इसी बात से नाराज कालू ने तपेली फेंक कर सुंती बाई के सिर पर मार दिया। घायल हालत में महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर है।

### ... यहां बहू ने मचाया हंगामा,

उधर, मकान को लेकर हुए विवाद में नाराज बहू ने जमकर उत्पात मचाया। उसने और उसके साथियों ने पथराव कर तोडफ़ोड़ भी की है। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों पर केस दर्ज किया है। बाणगंगा पुलिस के अनुसार फरियादी ललिता बाई होलकर की शिकायत पर बहू प्रतिभा सहित उसके रिश्तेदार नीलम, किशोर, पूनम, प्रियांशु और आर्यन पर प्रकरण दर्ज किया गया है। दरअसल प्रतिभा सास के मकान में हिस्सा चाह रही थी। इसी बात को लेकर वाद विवाद चल रहा था। उसने अपने मायके से अपने रिश्तेदारों को बुलाया। इसके बाद विवाद खड़ा हो गया विवाद के चलते आरोपियों ने घर में घुसकर न केवल तोडफ़ोड़ की बल्कि जमकर पथराव भी किया है।




# एटीएम तोड़ने वाले वाली गैंग ने एक और वारदात कबूली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एटीएम तोडने वाले मेवात गैंग के सदस्यों ने एक और वारदात कबूली है। गिरफ्तारी के सात दिन पहले हमीरगढ़ में एटीएम तोडकर 15 लाख रुपये लूटे थे। गिरोह के तीन सदस्यों को तो पुलिस ने पकड़ लिया, लेकिन चार फरार हैं। बाद में दो को और गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, इंदौर में डकैती डालने से पहले 23 अक्टूबर को फारुख निवासी मुदियाखेड़ा अलवर (राजस्थान), सद्दाम हुसैन निवासी नलेड़ नूह (हरियाणा) और राबिन खान निवासी अलीमेव पलवल (हरियाणा) को गिरफ्तार किया था। इनके पास से एटीएम काटने के औजार, छेनी, हथौड़ी, कटर व 11 लाख 35 हजार रुपये नकद मिले थे। पूछताछ में नागपुर में हुडकेश्वर रोड पर एसबीआइ के एटीएम से 32 लाख रुपये चोरी करना स्वीकार किया। सोमवार को नागपुर पुलिस ने तीनों आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर ले लिया। इस दौरान आरोपियों ने बताया कि गिरोह में चार आरोपित चचा खान, अरशद, मोहम्मद सलीम और मोहम्मद आसिफ भी शामिल हैं। 17 अक्टूबर को आरोपियों ने हमीरगढ़ भीलवाड़ा (राजस्थान) में पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम लूटा था। मशीन से 14 लाख 70 हजार रुपये निकाले थे। मामले में मोहम्मद सलीम और मोहम्मद आसिफ भी गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस अब दो आरोपी चचा खान और अरशद को ढूंढ रही है। दावा है कि इन्हें भी जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा।

### युवक ने लगाई फांसी

**इंदौर।** एक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वह नशे का आदी था, कल भी नशा कर घर पर आया था। खजराना पुलिस के अनुसार मृतक का नाम रईस पिता शफीक निवासी गोया रोड है। उसके भाई भुरु के अनुसार रईस शराब पीने का आदी था। नशा कर घर पर आया पत्नी बच्चे दूसरे कमरे में थे वह अपने कमरे में गया और फांसी लगा ली। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।